# अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई.

परीक्षा सत्र : नवम्बर–दिसम्बर 2022

**परीक्षा का नाम : विशारद प्रथम (द्वितीय प्रश्नपत्र)**

**विषय : कथ्थक**

दि. 20/11/2022 समय : 3 घंटे (दोपहर 2 से 5) कुल अंक : 75

सूचना : 1) प्रथम प्रश्न अनिवार्य है । 2) बाकी प्रश्नों में से कोई चार प्रश्न हल करें । 3) कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखे । 4) सभी प्रश्नों के गुण समान है ।

प्रश्न 1) लिपीबध्द कीजिये। (कोई 3) (15)

1) रास ताल में चक्ररदार परन
2) धमार में कवित्त
3) गजझंपा में परन–जुडी आमद
4) पंचम सवारी में तिहाई
5) धमार में तिपल्ली

प्रश्न 2) एक वाक्य में उत्तर लिखीये। (15)

1) गीतगोविंद काव्यसंग्रह कि रचना का श्रेय किसे जाता है ?
2) भारतीय संगीत में फागुन का वर्णन करते हुए गीत किस नाम से प्रसिध्द है ?
3) भारतीय शास्त्रीय नृत्यशैली में त्रिभंग का अर्थ क्या है ?
4) पं.गोपीकृष्ण के नानाजी का नाम क्या है, जिन के नाम से कथक का एक घराना जाना जाता है ?
5) सितारा देवी को कथक सम्राज्ञी के किताब से सन्मानित करने वाले व्यक्ती का नाम क्या है ?
6) किसी चक्रदार रचना को फर्माईशी रचना कब कहा जाता है ?
7) नाट्यशास्त्र अनुसार स्थायीभावों के नाम क्या है ?
8) नाट्यशास्त्र में भरत ने कुल कितने संचारी भावों कि चर्चाकि है ?
9) सुढंग कि व्याख्या किजीये ?

10) किसी एक कजरी गीत का उदाहरण (ध्रुवपद) दिजीये?

11) वाजीद अली शाह के द्वारा लिखित कौनसे पुस्तक में 21 प्रकार के गतों का वर्णन है?

12) चतुरंग के चार अंगों के नाम बताइए।

13) रस की निष्पत्त के लिए बाह्य कारणों को क्या कहते हैं?

14) अगर तीनताल में 5 आवृत्तियों का फरमाईशी चक्रदार परन हैं तो उसकी फरमाईशी सम कौनकौनसे मात्राओं पर आएगी?

15) भजन प्रस्तुती या किसी देवता की वंदना प्रस्तुत करने के लिए मुख्य कौनसे रस का प्रयोग होता है?

**प्रश्न 3) गीत प्रकारों की जानकारी दें। (कोई 3)** **(5X3 = 15)**

1) ध्रुपद
2) अष्टपदी
3) चैती
4) होरी

**प्रश्न 4) संक्षिप्त जानकारी लिखिए। (कोई तीन)** **(5X3 = 15)**

1) महाराजा चक्रधरसिंह व्दारा लिखित कथक साहित्य
2) कथक सम्राज्ञी सितारादेवी
3) नाट्यशास्त्र अनुसार रस–भाव का परस्पर संबंध
4) तराना एवं चतुरंग में साम्य–भेद स्पष्ट किजीये।

**प्रश्न 5) व्याख्या कीजिये।** **(5X3 = 15)**

1) तिपल्ली तथा चौपल्ली
2) लांग–डांट
3) न्यास–विन्यास
4) फर्माईशी परन
5) कवित्त

प्रश्न 6) अपने विचार प्रकट किजीये। (कोई दो) $(7\frac{1}{2} X 7\frac{1}{2} = 15)$

1) नवाब वाजीद अली शाह का कथक नृत्य में योगदान
2) नर्तक के गुण तथा अवगुण
3) कथक नृत्य में ठुमरी

प्रश्न 7) निबंध लिखीये। (15)

नाट्यशास्त्र के छटे एवं सातवे अध्याय के अनुसार रसभाव–संकल्पना एवं कथक नृत्य में प्रयोग।